

# अखंड भारत समाचार







विज्ञापन दें














विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
8708565733


## लखनऊ की इमारत में आग लगने से कम से कम 15 बच्चों की मौत और पांच घायल

लखनऊ में अलीगंज स्थित एक इमारत में आग लगने से 15 बच्चों की मौत हुई है और पांच बच्चे घायल हुए हैं. उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि आग कोचिंग सेंटर में लगी है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना में मारे गए बच्चों के परिजनों को पांच लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50 हज़ार रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है.

वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय ने मृत बच्चों के परिजनों को दो लाख और घायलों को 50 हज़ार रुपये की सहायता राशि का एलान किया है.

इस मामले पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, "हमारे परिवार के कुल 14 बच्चे इस घटना में हताहत हुए हैं और कुल चार बच्चे घायल हुए हैं. उनको केजीएमसी के ट्रामा सेंटर भेजा गया है." घटना की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं. माननीय मुख्यमंत्री अलीगढ़ में अपने सारे कार्यक्रम रद्द करके यहाँ पहुँच रहे हैं. प्राथमिकता घायलों को अच्छे से अच्छा इलाज मुहैया करवाने की है. पीड़ित परिवारों के साथ पूरी सरकार खड़ी है, हर संभव मदद करेंगे." सर्च ऑपरेशन पूरा हो चुका है और अब वहां कोई भी बच्चा नहीं है. पूरी तरह से इमारत को देख लिया गया है. इसके ज़िम्मेदार लोगों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई होगी और कोई कोताही नहीं होगी."



## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : स्वस्थ युवा, सशक्त राष्ट्र

योग भारत की प्राचीन संस्कृति और ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का एक वैज्ञानिक और आध्यात्मिक माध्यम है। आज जब दुनिया तनाव, अनियमित जीवनशैली और मानसिक चुनौतियों से जूझ रही है, तब योग मानव जीवन को स्वस्थ और संतुलित बनाने का सबसे प्रभावी मार्ग बनकर उभरा है।

भारत ने योग के महत्व को विश्व के सामने प्रस्तुत किया और आज 21 जून को पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाता है। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है कि हमारी संस्कृति की यह अमूल्य विरासत आज विश्व कल्याण का माध्यम बन रही है।

युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। यदि युवा शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और आत्मविश्वासी होंगे, तो राष्ट्र स्वतः ही सशक्त बनेगा। योग युवाओं को अनुशासन, एकाग्रता, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास प्रदान करता है। यह केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि विचारों और व्यक्तित्व को भी ऊर्जावान बनाता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। नियमित योगाभ्यास हमें स्वस्थ जीवन, तनावमुक्त मन और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है। एक स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।

अखंड भारत सेना का मानना है कि राष्ट्र निर्माण की शुरुआत स्वस्थ और जागरूक नागरिकों से होती है। इसलिए हम सभी युवाओं से आह्वान करते हैं कि वे योग को अपनाएं, स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और एक मजबूत, आत्मनिर्भर तथा विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

आइए, इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हम सब मिलकर संकल्प लें—
"योग अपनाएं, स्वस्थ रहें और राष्ट्र को मजबूत बनाएं।"
स्वस्थ युवा ही सशक्त भारत की पहचान हैं।
🇮🇳 वंदे मातरम्।
🇮🇳 जय हिंद।
– सुश्री सुषमा
संस्थापक एवं अध्यक्ष
अखंड भारत सेना



## US-ईरान पीस डील का रोडमैप तैयार, 60 दिन में हो सकता है फाइनल एग्रीमेंट



स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक में हुई हाई लेवल मीटिंग के बाद अमेरिका और ईरान ने 60 दिनों के अंदर फाइनल डील तक पहुंचने के रोडमैप पर सहमति जताई है. कतर और पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुई इस बातचीत को दोनों पक्षों ने पॉजिटिव और कंस्ट्रक्टिव बताया है. अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव के बीच एक बड़ी कूटनीतिक पहल सामने आई है. स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक में घंटों चली हाई लेवल मीटिंग के बाद दोनों देशों ने 60 दिनों के अंदर फाइनल एग्रीमेंट तक पहुंचने के मकसद से एक रोडमैप पर सहमति जताई है. कतर और पाकिस्तान ने सोमवार को जारी संयुक्त बयान में इस प्रगति को उत्साहजनक बताया है.
संयुक्त बयान में कहा गया कि बातचीत पॉजिटिव और कंस्ट्रक्टिव माहौल में हुई और आगे की टेक्निकल बातचीत के लिए एक मैकेनिज्म तैयार करने पर सहमति बनी है. ये बातचीत लेक ल्यूसर्न समिट के दौरान हुई. यह इस्लामाबाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (MoU) के फ्रेमवर्क के तहत हुई पहली हाई लेवल कमेटी मीटिंग थी. इस पर अमेरिका और ईरान ने हस्ताक्षर किए थे अमेरिकी टीम का नेतृत्व उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने किया, जबकि ईरानी डेलीगेशन की कमान संसद के स्पीकर  मोहम्मद बाकर गालिबाफ के हाथों में थी. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख असीम मुनीर और कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने भी बातचीत में हिस्सा लिया. दोनों देशों ने बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभाई.

## नेतन्याहू ने अपने जिस भाई को बताया इसराइल का हीरो, उनकी 50 साल पहले किस मिशन में हुई थी मौत



इसराइल के प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा है कि वे अमेरिका की हर इच्छा के मुताबिक़ काम नहीं करते हैं. बिन्यामिन नेतन्याहू ने अपने भाई को याद करते हुए इसराइल की सुरक्षा की शपथ भी ली और कहा, "50 साल पहले मैंने अपने बड़े भाई, इसराइल के हीरो लेफ्टिनेंट कर्नल योनी नेतन्याहू को खो दिया था. उनकी स्मृति हमेशा हमारे साथ है." इस घटना की शुरुआत होती है 27 जून 1976 को, जब तेल अवीव से पेरिस जा रही एयर फ्रांस की 'फ़्लाइट 139' ने एथेंस में रुकने के बाद फिर से उड़ान भरी ही थी. इस दौरान विमान में बैठे चार यात्री हाथों में पिस्टल और ग्रेनेड लिए एकदम से उठे और विमान को अपने नियंत्रण में ले लिया. उन्होंने यात्रियों को चेतावनी की कि अगर किसी ने विरोध करने की कोशिश की तो वे विमान में धमाका कर देंगे. उन्होंने पायलट को लीबिया के शहर बेनग़ाज़ी चलने का आदेश दिया. इन चार अपहरणकर्ताओं में दो फ़लस्तीनी थे और दो जर्मन.बेनग़ाज़ी में सात घंटे रुकने और ईंधन लेने के बाद अपहरणकर्ताओं ने पायलट को आदेश दिया कि विमान को युगांडा के एन्तेबे हवाई अड्डे ले चलें.

## MLC चुनाव में भी उद्धव-शरद पवार और कांग्रेस का पत्ता साफ, 17 में 16 सीटें महायुति को

महाराष्ट्र विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव में बीजेपी ने विपक्ष का सफाया कर दिया है. 17 एमएलसी सीटों में से 16 सीटें महायुति जीती है और एक सीट बीजेपी के बागी उम्मीदवार जीतने में सफल रहा. कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की पार्टी का खाता तक नहीं खुला महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में कांग्रेस-उद्धव ठाकरे और शरद पवार की पार्टी का खाता नहीं खुला जबकि बीजेपी के नेतृत्व वाले महायुति ने क्लीन स्वीप करने में कामयाब रही. 17 एमएलसी सीटों पर हुए चुनाव में 16 सीटें बीजेपी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी जीतने में सफल रही है और एक सीट बीजेपी के बागी उम्मीदवार ने जीती है. विधान परिषद (एमएलसी) की कुल 17 सीटों में से 6 सीटों पर उम्मीदवारों पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं जबकि बाकी 11 सीटों पर नतीजे सोमवार को आए हैं.



## लोगों को शायद मालूम नहीं...', वैभव सूर्यवंशी आलोचकों पर बरसे, तूफानी पारी का खोला राज




श्रीलंका-ए के खिलाफ खिताबी मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने 324.14 की स्ट्राइक रेट से 94 रन बनाए. इस इनिंग्स ने इंडिया-ए की जीत की नींव रखी. वैभव अब पहले आयरलैंड और फिर इंग्लैंड की यात्रा करेंगे.आयरलैंड दौरे पर ही वैभव के इंटरनेशनल डेब्यू होने की संभावना है.
इंडिया-ए ने श्रीलंका-ए को 66 रनों से हराकर ट्राई सीरीज पर कब्जा जमा लिया. रविवार (21 जून) को दांबुला के रणगिरि दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में भारतीय टीम की जीत के हीरो वैभव सूर्यवंशी रहे. वैभव ने सिर्फ 29 गेंदों पर 94 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 8 छक्के शामिल थे. वैभव ने पावरप्ले में ही इंडिया-ए के लिए मैच बना दिया था. वैभव को इस तूफानी इनिंग्स के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया.
खिताबी जीत के बाद वैभव सूर्यवंशी ने अपनी बल्लेबाजी को लेकर खुलकर बात की. 15 साल के वैभव ने आलोचकों को भी करारा जवाब दिया. हाल के दिनों में यह चर्चा तेज थी कि विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए मशहूर वैभव लंबी पारियों और 50 ओवर के क्रिकेट में खुद को कैसे ढालेंगे. अब युवा बल्लेबाज ने बल्ले से सारे सवालों का जवाब दिया है.

## टीम इंडिया पर मंडराया T20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने का खतरा, एक हार ने बढ़ाई मुश्किलें, समझिए पूरा समीकरण




दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद महिला T20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत की राह मुश्किल हो गई है. पाकिस्तान और नीदरलैंड्स को हराने के बावजूद अब सेमीफाइनल की दौड़ में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका सबसे बड़ी चुनौती हैं. भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलफ 1 जून को खेले गए मुकाबले में हार झेलनी पड़ी. इस नतीजे के बाद ग्रुप-1 की अंक तालिका का समीकरण पूरी तरह बदल गया है. टूर्नामेंट का फॉर्मेट ऐसा है कि एक हार भी किसी टीम की सेमीफाइनल की उम्मीदों को बड़ा झटका दे सकती है. भारत के साथ फिलहाल कुछ ऐसा ही होता दिखाई दे रहा है. महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय टीम ग्रुप-1 का हिस्सा है. ऑस्ट्रेलिया ने अपने शुरुआती तीनों मुकाबले जीतकर शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया हुआ है. वहीं भारत ने तीन में से दो मैच जीतकर दूसरे स्थान पर जगह बनाई हुई है. दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के भी समान अंक हैं, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के चलते अफ्रीकी टीम तीसरे स्थान पर है. पाकिस्तान और नीदरलैंड्स लगातार तीन हार के बाद लगभग टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं.

## Peddi Box Office: राम चरण की स्पोर्ट्स ड्रामा ने नहीं मानी हार, Cocktail 2 के सामने से उड़ाई मोटी रकम


मौजूदा समय में सिनेमाघरों से लेकर बॉक्स ऑफिस तक लेटेस्ट रिलीज फिल्म कॉकटेल 2 (Cocktail 2) ने धांसू एंट्री मारी है और अच्छा कारोबार कर रही है। लेकिन इस फिल्म के सामने पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से पहले रिलीज होने वाली साउथ सिनेमा की स्पोर्ट्स ड्रामा पेड्डी (Peddi) भी अपना दबदबा बनाए हुए है।
राम चरण की पेड्डी ने कॉकटेल 2 के सामने बॉक्स ऑफिस पर दमदार प्रदर्शन करके दिखाया है। जिसका अंदाजा आप फिल्म की 17वें दिन की कमाई से लगा सकते हैं। आज के 17 दिन पहले राम चरण की पेड्डी को दुनियाभर के थिएटर्स में रिलीज किया गया था। ओपनिंग डे पर 50 करोड़ से ज्यादा का बंपर कलेक्शन करके पेड्डी ने ये साबित कर दिया था कि ये फिल्म आने वाले दिनों में रिकॉर्डतोड़ कमाई करती हुई नजर आएगी और मूवी ने कुछ ऐसा ही कमाल किया भी है। गौर किया जाए पेड्डी के रिलीज के 17वें दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की तरफ तो राम चरण स्टारर इस फिल्म ने बीते शनिवार को 2 करोड़ का कारोबार किया है, जो लेटेस्ट फिल्मों की रिलीज के बावजूद कमाई का एक अच्छा और प्रभावशाली आंकड़ा माना जा रहा है।




OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) – Global Strategic Partner of Antra Group
ANTRA DEVELOPERS
India's Fastest Growing Real Estate Company
Antra
Antra Developers
"हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की"
RESIDENTIAL
INDUSTRIAL
COMMERCIAL
DHOLERA SMART CITY
DEALING IN DHOLERA SMART CITY PLOTTING
India's One of the Largest Growing Companies
Future-Ready Investment
High Growth Potential
Trusted Name Proven Results
BOOK YOUR PLOT NOW
BUILD YOUR TOMORROW, TODAY!
info@antradevelopers.com
Call / WhatsApp:
7878781509 | 8708565733
www.antradevelopers.com


HEALING ENERGY
WITH Sushma
अपनी सारी
परेशानियों को खत्म करें
मात्र व्हाट्सएप पर DOB डालने से
Heal
Balance
Transform
WHATSAPP NOW
8287523965
Heal Within

## दिल्ली एयरपोर्ट का नया मेट्रो प्लान: IGI के हर टर्मिनल तक पहुंचना होगा मिनटों का खेल, क्या है रूट मैप?




इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मेट्रो सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए 2.3 किलोमीटर लंबा एयरोसिटी-टर्मिनल 1 मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा। यह गोल्डन लाइन का एक्सटेंशन होगा। इस कॉरिडोर के पूरा होने के बाद टर्मिनल 1 को मेगेंटा लाइन से जोड़कर इंटरचेंज स्टेशन बना दिया जाएगा। इससे यात्री एयरपोर्ट के विभिन्न टर्मिनलों के बीच आसानी से मेट्रो से यात्रा कर सकेंगे। वर्तमान में टर्मिनल 1 से अन्य टर्मिनलों के लिए यात्रियों को 20 मिनट के अंतराल पर चलने वाली शटल बस का सहारा लेना पड़ता है। नए कॉरिडोर के शुरू होने के बाद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल के बीच शटल बस बदलने की जरूरत पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। भारी यात्री आवागमन को देखते हुए एयरोसिटी स्टेशन पर गोल्डन लाइन का प्लेटफॉर्म 290 मीटर लंबा बनाया जाएगा, जो सामान्य इंटरचेंज स्टेशन से 30 मीटर ज्यादा लंबा है। यह कॉरिडोर पूरी तरह अंडरग्राउंड होगा। एयरपोर्ट की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसका डिजाइन तैयार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, यह दिसंबर 2028 तक पूरा हो सकता है।











OASIS न्यूज़

हिंदी दैनिक **अखंड भारत समाचार** प्रकाशित न्यू दि

E-mail. oasisnewstv@gmail.com Website. www.oasisnews.in

Number. 8708565733

**COMMERCIAL TARIFF CARD**

DELHI-RAJASTHAN-LUCKNOW

EFFECT FROM 1ST JANUARY 2026

| PARTICULARS | Per Col. Sq.cm |
|---|---|
| REGULAR DISPLAY IN ELECTION | (Color) Rs.250/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN B & W | Rs.100/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN COLOR | Rs.200/- |
| TENDER NOTICE, COMPANY NOTICE, LEGAL &PUBLIC NOTICES | Rs.200/- |
| EAR PANEL (FRONT PAGE) | Rs.250/- |
| CLASSIFIED ADVERTISEMENTS | Rs.100/-per Line |
| CHANGE OF NAME, MATRIMONIAL, SITUATION | |
| FULL PAGE (B/W) | Rs.1.26,100/- |
| FULL PAGE (COLORS) | Rs.3,45,200/- |
| QUARTER PAGE SINGLE EDITION (COLOR) | Rs.1,50,000/- |
| SPECIAL POSITON | |
| FRONT PAGE | 100% Extra |
| COLUMNPER PAGE | 8 Columns |
| WIDTH OF COLUMN | 4 Cm |
| LENGTH OF COLUMN | 52 Cm |

WE HAVE COMPLETE ARRANGEMENT FOR TRANSLATION

OFFICE: Paschim Vihar, New Delh
110063
Ph.: 8708565733
E-mail: oasisnewstv@gmail.com
Website: www.oasisnews.in